तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 7 नवंबर 2024

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]





# महानदी में लगा कचरे का अंबार, नहीं दिख रहा सुध लेने वाला

## कुंभ कल्प मेला समापन के बाद झांक कर नहीं देखते जिम्मेदार अफसर

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम





तस्वीर में दिख रहा यह दृश्य महानदी के उस हिस्सा का है, जहां राजिम कुंभ कल्प मेला लगता है। श्री राजीव लोचन मंदिर भगवान श्रीराम की भव्य प्रतिमा से लगे हुए महोत्सव स्थल के नीचे लाइफलाइन कही जाने वाली महानदी के पचरी के हालात को यह तस्वीर बया कर रही है। लगता है इसकी साफ-सफाई के लिए यहां के प्रशासनिक अफसरों को कोई गरज नहीं है। दुनिया भर के कचरा और मलमा न जाने कितने महीनों से पड़ा हुआ है। यदि पैर धोने के लिए भी इस प्वाइंट से आप नदी में उतरना चाहेंगे तो पैर रखने की जगह भी सही सलामत नहीं मिलेगी। जब पचरी का यह हाल है तो नदी के भीतर का कितना बुरा हाल होगा, इसे समझा जा सकता है। कायदे से देखा जाए तो इस पवित्र महानदी की गरिमा को बचाने के लिए जिले के किसी भी अफसरों का ध्यान बिल्कुल नहीं है। मेले के दौरान पूरा तेरह दिन माघ पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक महानदी की आरती होती है। आरती करने के लिए सारे लोग टूट पड़ते हैं। समय-समय पर कुछ ऐसी भी संस्थाएं महानदी की सफाई की दावे करती है। बता दें कि प्रदेश के कोने-कोने से लोग बहुत ही श्रद्धा और विश्वास के साथ महानदी में डुबकी लगाने राजिम संगम पहुंचते हैं और तो और नदी का यह हिस्सा शायद जाम टकराने वालों का ठिहा बन गया है। क्योंकि सीढ़ियों के नीचे बड़ी मात्रा में डिस्पोजल गिलास और चखना के रेपर पड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि मेले के दौरान जिला प्रशासन में बैठे बड़े-बड़े अधिकारी राजिम में डेरा डाले बैठे रहते है और जहां मेला खत्म हुआ कि वे राजिम की ओर मुड़कर नहीं देखते।

### मेले के लिए मात्र 3 माह का समय शेष

इससे ऐसा लगता है कि राजिम शायद गरियाबंद जिले का हिस्सा नहीं है। न तो यहां उच्च अफसरों का कभी दौरा होता है और न ही वे राजिम के प्रति ध्यान या रूचि रखते हैं। लोगों को याद नहीं है कि कभी साल भर में जिले के उच्च अफसर कभी राजिम का दौरा किए हो? हां इतना जरूर है कि जिला मुख्यालय से राजधानी और राजधानी से जिला मुख्यालय तक आते-जाते रेस्ट हाऊस में बाथरूम करने, हाथ मुंह धोने कुछ क्षण के लिए जरूर रूकते हैं। अब मेले के लिए मात्र 3 माह का समय शेष रह गया है। जब एक महीना बचा रहेगा तो ऐसे दौड़धूप करेंगे जैसे राजिम को स्वर्ग बना देंगे।

## खबर संक्षेप

### सड़क के बीच में बिजली खंबा, लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार



**मैनपुर।** नगर की मुख्य गली ग्राम पंचायत से गांधी चौक मार्ग में आलीम हालर मिल के सामने सड़क के बीच में बिजली का खंबा होने से लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। कई बार बिजली विभाग से इस पोल को हटाने की मांग की जा चुकी है। लेकिन अब तक ध्यान नही दिया गया। दीपावली की रात मोटर सायकल चालक इस पोल में टकरा गया, जिससे उसके दाहिने हाथ पूरी तरह फैक्चर हो गया जिसका उपचार रायपुर अस्पताल में किया जा रहा है। मैनपुर नगर के लोगों ने इस बिजली के पोल को सड़क किनारे लगाने की मांग किया है।

## निरीक्षण: सभी वार्डों में फैली गंदगी पर रोहित ने जताई नाराजगी

# जिला अस्पताल पहुंचे विधायक ने की मरीजों से चर्चा, अव्यवस्था पर बिफरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद



राजिम विधायक रोहित साहू मंगलवार को देर रात अचानक जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुरुष, महिला से लेकर इमरजेंसी वार्ड और ड्रेसिंग रूम तक हर कोने में अव्यवस्था और गंदगी देखने के बाद विधायक का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने तुरंत कलेक्टर से बात कर सिविल सर्जन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

- कलेक्टर से तत्काल बात कर, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की बात कही
- देर रात जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण, जिम्मेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई!

विधायक साहू का यह पहला औचक निरीक्षण था, लेकिन स्थिति देखकर वे चौंक गए। अस्पताल परिसर में चारों ओर गंदगी फैली हुई थी। बाथरूम से बदबू दूर तक फैल रही थी, खिड़कियों और दीवारों पर गुटके के निशान छपे थे। मरीजों के परिजन जमीन पर सोने को मजबूर थे, ठहरने की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। यह देख विधायक ने नाराजगी जताई और साफ-सफाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

### मरीजों की शिकायतें सुन, कर्मचारियों पर कसा शिकंजा

निरीक्षण के दौरान विधायक ने मरीजों से सीधे बातचीत की। इलाज की गुणवत्ता, डॉक्टरों के व्यवहार और खाने की गुणवत्ता के बारे में पूछा। मरीजों ने साफ-सफाई की कमी और कई डॉक्टरों के ड्यूटी से गायब रहने की शिकायत की। विधायक ने सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया और अनुपस्थित डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### मृतक के परिजनों को दिलाया सहारा

निरीक्षण के दौरान विधायक को पता चला कि एक शव का पोस्टमॉर्टम डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण रुका हुआ है। मृतक के परिजन खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर थे। विधायक ने तुरंत व्यवस्था दुरुस्त करवाई और परिजनों के लिए रात रुकने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।




### कलेक्टर से की चर्चा, सख्त कार्रवाई का आश्वासन

निरीक्षण के बाद मीडिया से चर्चा में विधायक ने बताया कि अस्पताल में लगातार अव्यवस्थाओं की शिकायतें मिल रही थीं। उन्होंने पुष्टि की कि सिविल सर्जन अक्सर रायपुर से आते-जाते हैं और अस्पताल में ठहरने की जिम्मेदारी नहीं निभाते। विधायक ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। किसी भी अधिकारी की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने यह भी कहा कि जिला अस्पताल की व्यवस्था में सुधार लाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बोलेरो से टकराई बाइक दो की मौके पर ही मौत






हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

नेशनल हाईवे 130 सी में बोलेरा से बाइक टकरा गई। इस घटना में बाइक चालक और सवार दोनों की मौके पर मौत हो गई।

- नेशनल हाईवे 130 सी पर ग्राम डोहेल के समीप घटी घटना

मिली जानकारी के अनुसार नेशनल पर ग्राम डोहेल के पास देवभोग से जा रही बोलेरा वाहन से मूडागांव की ओर से आ रही बाइक सीधी टकरा गई। टक्कर इतना जबरदस्त थी कि बाइक चालक व सवार युवक 20 मीटर दूर फेका गए। इस घटना से बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं बोलेरा का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मौके पर ही बाइक चालक भुनेश्वर मांझी 35 साल व दुलार मांझी 50 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। दोनों आपस में ममेरा भाई हैं, जो निजी काम से रात्रि में मुड़ागांव से देवभोग की ओर आ रहे थे। बोलेरो खोखमा ग्राम की है, जो सराईपानी से आए मरीज को लेकर वापस लौट रही थी।हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना ग्रामीणों ने एम्बुलेंस को दी। मौके से दोनों को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार चालक को मृत घोषित कर दिया। दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। देवभोग पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए लपरवाह वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी है।

देवभोग थाना प्रभारी गौतम गावड़े ने कहा कि अपराध कायम कर मामले की जांच की जा रही है। घटना की वजह लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना प्रतीत हो रहा है

## छत्तीसगढ़ गीत और नृत्य ने लोगों का मन मोहा

# राज्योत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर झूमे दर्शक




हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देखने को मिली। नृत्य एवं गायन ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

- नितिन दुबे के कार्यक्रम ने देर रात तक बांधा समां

राज्योत्सव का आनन्द लेने पहुंचे लोगों ने पूरे कार्यक्रम का जोश और उत्साह के साथ लुत्फ उठाया। शाम से शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्कूली बच्चों सहित स्थानीय कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति, लोक संगीत की झलक दिखाई। प्रस्तुतियों ने भक्तिमय अंदाज में सभी दर्शकों को खूब रोमांचित किया। साथ ही दर्शकगण सुमधुर छत्तीसगढ़ी संगीत सुनकर धुन में खो गए। इसके बाद शारद अग्रवाल की भक्तिमय सांस्कृतिक प्रस्तुति ने लोगों को भक्ति माहौल में झूमने पर मजबूर किया। आयोजन के मुख्य आकर्षण नितिन दुबे स्टार नाइट रहे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी सिंगर नितिन दुबे के सुपरहिट गाना कोरबा के काजल, रायगढ़ वाले राजा.. चंदा रे.. गोंदा तोला रे.. आदि सुनकर दर्शकगण रोमांचित हो उठे। दर्शकों से खचाखच भरे गरियाबंद के गांधी मैदान में लोग देर रात तक झूमते रहे।



### छत्तीसगढ़ी गीत पर जमकर थिरके दर्शक

नितिन दुबे ने लोगों के बीच जाकर लोगों को अपने साथ गाना गवाए। बड़ी संख्या में कार्यक्रम देखने आए युवा, बच्चे सहित सभी वर्गों ने उत्साह और जोश के साथ नितिन दुबे के सुर में सुर मिलाए। साथ ही छत्तीसगढ़ी संगीत में जमकर थिरके। छत्तीसगढ़ी गीत छत्तीसगढ़ मोर छइयां भुइंया.. सुनकर दर्शक दीर्घा में बैठे कलेक्टर दीपक अग्रवाल, एसपी निखिल राखेजा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव एवं अन्य लोगों ने भी खूब तालियां बजाई। सभी ने लगातार ताली बजाकर नितिन दुबे टीम का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम प्रस्तुति पश्चात स्मृति चिन्ह देकर कलाकारों को सम्मानित किया गया।

# हाथियों के साथ जंगली सुअर भी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाण्डुका



दंतैल हाथी गरियाबंद जिले पाण्डुका क्षेत्र में उत्पात मचाते फिर रहे हैं, जो धान की फसल खाकर रौंदकर नष्ट कर रहे हैं। दूसरी ओर सरकड़ा व पाण्डुका अंचल में भी सुवर कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

इन दिनों हरहुना किश्म की फसल कटाई चल रही है। सरना धान की फसल में 8 से 10 दिन की विलम्ब है, तो मानसून जाने के बाद हुई बारिश से खेत अभी गीला है, जिसकी कटाई के लिए किसानों को अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा, जिसे जंगली सुवर रात होते ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं किसान अपनी फसलों को बचाने खेतों में काक भगोड़ा इंसान जैसे तो बनाये हैं, लेकिन जंगली सुवर के लिए यह सब बे असर साबित हो रहा है, जो पशुओं से भी ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे जो जंगल से लगे पाण्डुका अंचल के किसानों के लिए चिंता का विषय बना है।

# भेण्डरी में अधिकारी-कर्मचारी संघ का किया गया गठन, गिरधारी बने अध्यक्ष



**नवापारा-भेण्डरी।** दीपावली के अवसर पर भेण्डरी में गांव के अधिकारी-कर्मचारी का सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में अधिकारी-कर्मचारी संघ का गठन किया गया। अध्यक्ष गिरधारी सिन्हा, संरक्षक कार्तिक राम ,उपाध्यक्ष भोला मांडेय, सचिव भुनेश्वर साहू ,सहसचिव-जयप्रकाश साहू ,कोषाध्यक्ष-बलराम साहू ,मीडिया प्रभारी अशोक सिन्हा एवं कार्यकारिणी में विजय साहू ,लिलेश साहू ,उमेश साहू , घनश्याम डहरिया,मुकेश देवांगन ,जयप्रकाश साहू ,राजेंद्र राव ,जितेंद्र जाधव ,लोकेश निषाद ,विष्णु साहू ,गैंदलाल साहू ,जितेंद्र नागरची ,सेवक साहू ,देवीप्रसाद साहू , रोशन साहू ,परदेशी सिन्हा ,डिकेश साहू ,रेखराम यादव ,भुनेश्वर साहू को रखा गया है। बताया कि हर साल छुट्टी में गांव पहुंचने पर संघ द्वारा होली-दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में रन फॉर यूनिटी में आयोजन

# विद्यार्थियों ने निकाली सद्भावना यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा




आईएसबीएम विश्वविद्यालय में कला एवं मानविकी संकाय की ओर से राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में 6 नवम्बर को साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी के तहत आयोजित इस कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ बीपी भोल एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष विस्वास ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से नवापारा तक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. महलवार ने कहा कि इस सायकल सद्भावना यात्रा का उद्देश्य लोगों में राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की भावना को बढ़ावा देना है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश को एक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रीय एकता हमारे लिए सर्वोपरि है और इसे बनाये रखने में हम सभी अपना योगदान दें। कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल ने स्वतंत्र भारत को एक अखंड राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य देश के युवाओं को एकता, समर्पण और सामूहिकता के मूल्यों के प्रति जागरूक करना है। इस मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष विस्वास, कला संकाय के अध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार साहू, छायांगी महमला, कृष्ण कुमार, मुकुल कुमार ठाकुर, किशोर कुमार कठार, भामिती साहू, अशोक साहू, रागिनी सोनी आदि के साथ भारी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। छात्रों और शिक्षकों की ओर से भारत माता की जय, वन्दे मातरम जैसे नारे लगाए गए। कार्यक्रम का संयोजन रमेश नायक द्वारा किया गया।

## घर घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिलाईगढ़ में एक व्यक्ति ने घर घुसकर पिता-पुत्र से मारपीट की। सरायपाली पुलिस ने बताया कि बिलाईगढ़ का भोजराज चौधरी 5 नवंबर की शाम 7 बजे अपने घर में था, तभी गांव का हरिश्चंद्र सिदार घर के सामने आकर उसे उधारी का पैसा वापस मांगते हुए गालियां दे रहा था। प्रार्थी ने जब कहा कि मेरे द्वारा तुमसे पैसा नहीं लिया गया है तब आरोपी मारपीट करते हुए उसके घर के अंदर घुस गया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के पिता जगेश्वर चौधरी से भी आरोपी ने मारपीट की।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

# त्योहारी सीजन में बिके 73 हजार वाहन, आटोमोबाइल सेक्टर में बरसे ढाई हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

त्योहारी सीजन में इस बार हर सेक्टर पर लक्ष्मी जी की कृपा जमकर बरसी है। हर सेक्टर में बीते साल से ज्यादा कारोबार हुआ है। आटोमोबाइल सेक्टर में नवरात्रि से लेकर दीपावली तक 72721 वाहन बिके, वहीं अक्टूबर में 84781 वाहन बिके। यह बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा है। बीते साल अक्टूबर में 52260 वाहन बिके थे। इस साल 32 हजार वाहन बिके हैं। अक्टूबर में जो वाहन बिके हैं, उनकी अनुमानित कीमत ढाई हजार करोड़ है। इसमें जहां 17 सौ करोड़ के चारपहिया वाहन बिके हैं, वहीं करीब छह सौ करोड़ के दोपहिया और बाकी अन्य वाहन बिके हैं। त्योहारी सीजन का आगाज नवरात्रि से होता है। वैसे तो वाहनों की बिक्री गणेशोत्सव में लगातार 11 दिनों तक होती है, लेकिन आटोमोबाइल सेक्टर में असली बूम नवरात्रि से ही आता है। नवरात्रि में भी लोग 9 दिनों तक वाहन लेते हैं। इसके बाद पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर सबसे ज्यादा कारोबार होता है। इस बार दोनों शुभ मुहूर्त पर बहुत ज्यादा वाहन बिके हैं।

## अक्टूबर में बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा बिके वाहन



### कौन से वाहन कितने बिके

*पूरे अक्टूबर माह में वाहन की बिक्री जमकर हुई है। यह बीते साल से 63 फीसदी ज्यादा है। इस माह जहां सबसे ज्यादा 64893 दोपहिया वाहन बिके, बीते साल ये 38829 बिके थे। वहीं चार पहिया वाहनों में कारों की भी भारी डिमांड रही। इस बार तो सभी डीलरों के पास भारी संख्या में स्टॉक होने के कारण मॉडलों का भी लोचा नहीं हुआ और सबको मनपसंद वाहन भी मिले। कुल मिलाकर 14120 चार पहिया वाहन बिके। बीते साल 8221 चारपहिया वाहन ही बिके थे। इसके अलावा इस साल 1556 तीन पहिया, 2276 लाइट कमर्शियल व्हीकल और 1358 हैवी कमर्शियल व्हीकल भी बिके। जीके होंडा के संचालक पुनीत पारवानी के मुताबिक इस बार दोपहिया वाहनों की बहुत ज्यादा डिमांड रही। बीते सील से इस बार 26 हजार वाहन ज्यादा बिके हैं। इसी तरह से चार पहिया वाहनों की भी ज्यादा डिमांड होने के कारण चार हजार कारें ज्यादा बिकी हैं।*

### बीते साल से ज्यादा बिके

इस बार का त्योहारी सीजन बीते साल से ज्यादा अच्छा रहा। बीते साल से अक्टूबर माह में 32 हजार वाहन ज्यादा बिके हैं।

- **विवेक गर्ग**, अध्यक्ष, फाड़ा छत्तीसगढ़

---

## खबर संक्षेप



### बॉयस डबल्स में जसवानी और शाश्वतश्री ने जीती ट्रॉफी

**रायपुर**। राज्यस्तरीय मिनी एवं सब जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबलों में रायपुर के ऐरिक जसवानी ने अंडर-11 बॉयस सिंगल्स में रनरअप व बॉयस डबल्स में ऐरिक जसवानी व शाश्वतश्री ने रायपुर के ही पुष्कल देवांगन व रक्षित यादव को हराकर फाइनल विजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। यह बैडमिंटन चैपियनशिप रायपुर के मोवा स्थित आई स्पोर्ट्स में संपन्न हुई।

### असामाजिक तत्वों के आतंक से परेशान, एसएसपी को ज्ञापन

**रायपुर**। सरोना बीएसयूपी कॉलोनी में रहने वाले लगभग 20 गरीब परिवार के लोग असामाजिक तत्वों और आदतन अपराधियों से परेशान हैं। कॉलोनी निवासियों ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता के साथ एसपी ऑफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों ने ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के आदतन अपराधियों द्वारा नशे की हालत में आए दिन रास्ता रोककर गाली-गलौच करते हुए विवाद किया जाता है। सामाजिक नेता भगवानू नायक ने कहा, शहर की कानून व्यवस्था अनियंत्रित हो रही है, कानून व्यवस्था को ताक में रखकर और बेखौफ होकर अपराधी घटनाओं को अंजाम दे रहे है और पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करती है, जिस कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नूरा सोना, प्रेमशीला निहाल, आरती तांडी, सावित्री तांडी, ममता बारीक, झिरेल महानंद, गायत्री तांडी सहित बड़ी संख्या में बीएसयूपी कॉलोनी सरोना के निवासी उपस्थित थे।

### चापर दिखाकर दहशत फैलाते धरा गया आरोपी

**रायपुर**। न्यू राजेंद्र नगर पुलिस आर्म्स एक्ट के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। घटना 5 नवंबर को सुबह 11.50 बजे की है। मंगतदान चारण निवासी राजभोग मिठाई दुकान अमलीडीह ने थाने में सूचना दी कि उसके होटल में काम करने वाला मिस्त्री सुरेश यादव चापर हथियार लेकर उसके होटल में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों को डरा-धमका रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को चापर के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर किया नमन

**रायपुर**। राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में आधुनिक असम के सांस्कृतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी, भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि डॉ. हजारिका का योगदान न केवल असम, बल्कि संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध करता है। उनकी विरासत, उनके गीत और उनके कार्य हमेशा हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगें।

---

# शास्त्री बाजार में पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली

**निजी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले वाहन चालकों से भी पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू कर दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाद अब शास्त्री बाजार पार्किंग के ठेकेदार और उसके कर्मचारी भी गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। पार्किंग में वाहन पार्क करने वालों से जहां मनमाना किराया वसूलने लगे हैं, वहीं विजेता काम्पलेक्स एवं अन्य निजी दुकानों के सामने वाहन खड़ा करने वाले लोगों से भी पार्किंग के नाम पर जबरदस्ती वसूली की जा रही है। इसके कारण आए दिन वाहन चालकों का पार्किंग कर्मियों से विवाद होता रहता है। राजधानी रायपुर के शास्त्री बाजार में फल मार्केट के सामने पार्किंग बनाई गई है। नगर निगम प्रशासन ने इस पार्किंग को ठेके पर दिया हुआ है। प्रति दोपहिया वाहन 5 रुपए तथा तीन एवं चारपहिया वाहन का 10 रुपए पार्किंग शुल्क रखा गया है। यह शुल्क पार्किंग में खड़ी करने वाले गाड़ी चालकों से ही वसूला जाना है, लेकिन पार्किंग के कर्मचारी अब गुंडागर्दी करते हुए मनमाने रूप से निजी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले वाहन चालकों से भी पार्किंग शुल्क वसूलना शुरू कर दिया है।



### शिकायत मिलने पर करेंगे कार्रवाई

इस मामले में अभी तक कोई शिकायत मिली नहीं है। चेक कराता हूं। नियम के तहत ही पार्किंग शुल्क लिया जाना है। पार्किंग परिसर से बाहर खड़े वाहन का शुल्क वसूलने का अधिकार पार्किंग ठेकेदार को नहीं है।

- **अबिनाश मिश्रा**, कमिश्नर, नगर निगम रायपुर

### रसीद में ठेकेदार का नाम-हस्ताक्षर एवं दर का उल्लेख भी नहीं

*नगर निगम ने जिस व्यक्ति को पार्किंग का ठेका दिया है, उसके द्वारा नियम का पालन नहीं किया जा रहा। पार्किंग शुल्क की जो रसीद वाहन चालकों को दी जा रही है, उसमें ठेकेदार का नाम और हस्ताक्षर दोनों नहीं हैं। यही नहीं, रसीद में शुल्क की दर का भी उल्लेख नहीं है। इसका फायदा उठाकर कर्मचारी कई वाहन चालक से मनमाना पार्किंग शुल्क वसूल रहे हैं। रसीद में किसी प्रकार की सील भी लगी नहीं है।*

### त्योहार में जमकर वसूली

*दीपावली त्योहार के दौरान धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा के दिन तक शास्त्री बाजार में पार्किंग शुल्क के नाम पर आम लोगों से पार्किंग के कर्मियों द्वारा जमकर वसूली की गई। कुछ स्थानीय दुकानदारों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पार्किंग के कर्मी अब पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि त्योहार के दौरान हमारी दुकानों के सामने खड़ा करने वाले कई वाहन चालकों की भी रसीद काटी गई है। विरोध करने पर उनके द्वारा निगम के अधिकारियों का हवाला देते हुए गुंडागर्दी की जाती है।*

### पार्किंग में जगह नहीं फिर भी वसूल रहे शुल्क

*शास्त्री बाजार में सब्जी, फल, रेडीमेड कपड़ा से लेकर विभिन्न व्यावसायिक दुकानें भी हैं। इसके कारण त्योहार के समय में अक्सर शास्त्री बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ पहुंचती है। इनमें ज्यादातर लोग वाहन से ही पहुंचते हैं। ये लोग पार्किंग परिसर में जगह नहीं होने या गंदगी पसरी होने के कारण अपनी गाड़ी निजी दुकानों के सामने खड़ी कर खरीदारी करते हैं। इसके बाद भी पार्किंग कर्मचारी इन लोगों की जबरन रसीद काट रहे हैं।*

---

# केंद्रीय जेल गेट पर फायरिंग मामले में फरार 2 आरोपी सहित 4 गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने युवक पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों भी इस वारदात में शामिल थे, जो घटना के बाद से फरार थे। पुलिस ने इन दोनों के साथ इनके फरार होने में मदद करने वाले उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस फायरिंग मामले में दो आरोपियों को घटना वाले दिन ही गिरफ्तार कर चुकी है। इस तरह इस मामले में अब तक 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस वारदात में आरोपियों के अन्य साथी के साथ कई सहयोगी भी शामिल हो सकते हैं, जिनके बारे में पता लगाया जा रहा है। रायपुर केंद्रीय जेल परिसर गेट के सामने शेख साहिल पर कट्टे से फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुस्तैदी के साथ आरोपियों को गिरफ्तारी किया है। आरोपियों ने सोमवार को दोपहर करीब सवा 12 बजे घटना को



अंजाम दिया था। इस घटना के 12 घंटे के भीतर ही पुलिस ने दो आरोपी शेख शाहनवाज और शाहरुख को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कट्टा एवं कारतूस का खाली खोखा जब्त किया था। आरोपियों ने पूछताछ में अपने अन्य साथियों के नाम बताए थे, जिसके आधार पर पुलिस ने मंगलवार को अब्दुल शेख गफ्फार उर्फ वादिया 47 वर्ष निवासी रजबंधा तालाब मौदहापारा एवं हीरा छुरा 24 वर्ष निवासी राजीव आवास कालोनी लालगंगा को भी गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी ओड़िशा भागने की फिराक में थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें धर-दबोचा। पुलिस ने इन दोनों के साथ उनके भागने में मदद करने का प्रयास करने वाले नरेंद्र जगत निवासी कबीरनगर एवं रवि जाल निवासी आदर्श नगर थाना राजेंद्र नगर को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस को संदेह है कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों के और साथी एवं सहयोगी शामिल हो सकते हैं, जिसका पता लगाया जा रहा है।

### आईजी-एसएसपी ने की इनाम की घोषणा

*इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अधिकारियों के नेतृत्व में 10 अलग-अलग टीम बनाई थी। इस टीम ने 24 घंटों के भीतर ही इस प्रकरण से जुड़े सभी मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। टीम द्वारा त्वरित गति से आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए आईजी और एसएसपी ने टीम का उत्साहवर्धन करते हुए इनाम की घोषणा की है। आईजी ने 25 हजार रुपए एवं एसएसपी ने 10 हजार रुपए देने की घोषणा की है।*

---

# नाली में बनी पुलिया, बच्चों के लिए लगी फिसलपट्टी



हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा

नगर के वार्ड क्रमांक 9 के वार्डवासियों की मांग को नगर अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू व वार्ड पार्षद झुमक कोसमा ने पूर्ण किया। इसके लिए वार्ड वासियों ने हर्ष वक्त करते हुए आभार जताया है। ग्रामीणों ने बताया कि वार्ड की नाली में पुलिया नहीं होने के कारण परेशानी होती थी, जिसमें पुलिया बनाकर आवागमन को सुगम बनाया गया। इसके साथ ही वार्ड के बच्चों के लिए फिसलपट्टी लगाई गई। इस अवसर पर लोकेश्वरी साहू अध्यक्ष, झुमुक लाल कोसमा सभापति और वार्डवासियों के सहयोग से पौधारोपण भी किया गया। वार्डवासियों ने अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू व सभापति झुमुक लाल कोसमा का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ने नगर पंचायत कर्मियों को आसपास के कचरे की साफ सफाई कर मुरुम फीलिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्याम बाई कोसमा, सुखिया बाई, लक्ष्मी बाई यादव, गुरु दयाल कोसमा, राजूराम, लादूराम, विक्रम यादव, नकुल, भुवन कुमार, दीपक यादव सहित नगर पंचायत कर्मचारी उपस्थित रहे।

- नगर पंचायत अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 9 के नागरिकों के लिए दी सौगात

---

# मुक्तिधाम में लकड़ियों की किल्लत दिवंगतों के परिजनों पर भारी पड़ रही





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रामनगर मुक्तिधाम में लकड़ियों की किल्लत दिवंगतों के परिजनों पर भारी पड़ रही है। शवों को जलाने के लिए शोकाकुल परिवार के लोगों को भटकना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम प्रशासन सुस्त बना हुआ है। नगर निगम द्वारा रामनगर मुक्तिधाम में शवों के दाह संस्कार के लिए लकड़ियों की सप्लाई का काम ठेके पर दिया हुआ है।

मुक्तिधाम में शवों का दाह संस्कार करना मुश्किल होता जा रहा है। दिवंगतों के परिजनों ने बताया कि पिछले पंद्रह बीस दिन से मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ियों का टोटा बना हुआ है। यहां पतली लकड़ियां बिल्कुल नहीं है। सिर्फ मोटी लकड़ियां ही बची हैं। शवों को जलाने के लिए मोटी लकड़ियों के साथ पतली लकड़ियों की भी जरुरत होती है। लेकिन ठेकेदार द्वारा मुक्तिधाम में जलाऊ लकड़ियों के नाम पर सिर्फ मोटी मोटी लकड़ियों की ही सप्लाई की जा रही है।

इस कारण दिवंगतों के परिजनों के लकड़ियों के लिए भटकना पड़ रहा है । कई परिजन तो बाहर से पतली लकड़ियां ला रहे हैं। मोटी लकड़ियों से चिता पूरी नहीं जल रही है या फिर अधिक समय लग रहा है। इससे दिवंगतों के परिजनों का दुख और परेशानी अधिक बढ़ने के साथ अधिक समय तक रुकना पड़ रहा है। लेकिन वैशालीनगर जोन सहित नगर निगम प्रशासन बेसुध है।

### रोज लाए जाते हैं पंद्रह शव

रामनगर मुक्तिधाम में रोज दस से पंद्रह शवों के अंतिम संस्कार की व्यवस्था है। पटरीपार क्षेत्र में यह एकमात्र मुक्तिधाम है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि एक शव को जलाने के लिए लगभग तीन क्विंटर लकड़ी की जरुरत पड़ती है। इसके साथ छेना का भी उपयोग होता है। लेकिन पर्याप्त व पतली लकड़ियों की सप्लाई नहीं होने से संबंधितों को परेशानी हो रही है। बरसात के मौसम में भी लोग गीली लकड़ियों की सप्लाई होने से परेशान रहे। अपने दिवंगत परिजनों का अंतिम संस्कार करने आए लोगों ने बताया कि नगर निगम के अधिकारियों को तत्काल समस्या का निदान कर शोकाकुलों को राहत दिलाने की जरुरत है।

---

# दीपावली में भी कर्त्तव्य निभाते रहे, स्वास्थ्य कर्मियों ने अतिरिक्त अवकाश मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने पैरामेडिकल कर्मचारियों को अतिरिक्त अवकाश अन्य कार्य दिवस की मांग की है। संघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मनोज पिंगुआ और संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रितुराज रघुवंशी को इस संबंध में पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने बताया है कि प्रदेश के सभी विभागों में दीपावली के उपलक्ष्य में दो दिन अधिकारी-कर्मचारियों ने अवकाश मनाया है। शासकीय अस्पतालों, जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों ने लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई है। वैसे भी अस्पतालों में मैनपावर कम है। इसके बावजूद केजुअल्टी के साथ अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों की देखभाल करने स्टाफ नर्स,दवा देने फार्मासिस्ट, दुर्घटना के शिकार लोगों की मल्हम पट्टी करने व टांका लगाने ड्रेसर सहित सभी पैरामेडिकल स्टाफ ने दीपावली की छुट्टी पर ड्युटी कर सुरक्षित प्रसव सहित इमरजेंसी केसेस का पूर्ण उपचार किया है। मांग करने वालों में प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ,प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा,आर डी दीवान, अश्वनी गुर्देकर, अनिल पांडेय उप प्रांताध्यक्ष प्रमेश पाल ,बी के शुक्ला, अजय परिहार, तुफान अली, नर्सिंग प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक जैकलीन डान संभागीय अध्यक्ष अजय नायक, संगठन सचिव जी मोहन राव एम पंडैया आदि शामिल हैं।

---

## 150 निवेशकों में 75 का हुआ चेक बाउंस, गिरफ्तारी से निवेशकों में जागी आस

# चेक बाउंस वाले निवेशक भी पहुंच रहे हैं डॉ. खंडूजा के खिलाफ थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अपोलो बीएसआर अस्पताल के पूर्व डॉयरेक्टर डॉ एमके खंडूजा ने सैकड़ों की संख्या में भिलाई-दुर्ग के लोगों से ठगी किया। इसमें 150 निवेशको में 75 को रुपए निकालने चेक दिया गया था। उनके चेक बाउंस हो चुके है। पुलिस ने जब डॉ एमके खंडूजा को गिरफ्तार करने के बाद निवेशकों में रुपए मिलने के आस में थाना और चौकी के चक्कर काट रहे है। इन निवेशकों को रुपए मिलने की आस जाग गई है। अब तक पुलिस डॉ एमके खंडूजा मामले में पुलिस शिकायत सभी का लेकर जांच करना शुरु कर दिया है। आने वाले दिनों में पुलिस डॉ खंडूजा के ठगी मामले में बड़ा खुलासा भी हो सकता है। पुलिस ने एमके खंडूजा को बीते दिनों 19.41 करोड़ के ठगी मामले में कलकत्ता से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं डॉ खंडूजा की मुश्किले कम होने का नाम नहीं ले रही है बल्कि लगातार उनकी परेशानी बढ़ती ही जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक स्मृति नगर पुलिस चौकी में करीब डेढ़ सौ निवेशकों ने डॉ खंडूजा के खिलाफ शिकायत किया है। अस्पताल को बेचने से पहले कई महीनों तक एमके खंडूजा ने डॉक्टर से लेकर नर्सिंग स्टॉफ तक को वेतन देना बंद कर दिया था। सभी कर्मियों को सिर्फ आश्वासन दिया जाता था कि वेतन जल्द मिलेगा। इसी आस में कर्मियों द्वारा काम किया जाता रहा है। इसके अलावा कर्मियों के वेतन से कटने वाली पीएफ की राशि को कर्मचारी भवष्यि निधि कार्यालय में जमा तक नहीं किया गया। बल्कि जुलाई 2016 से नवंबर 2018 तक का अंशदान जमा नहीं किया। डॉ. मनमोहन खंडूजा ने अपने कर्मियों का पीएफ राशि करीब 6 करोड़ 66 लाख 11 हजार 404 रुपए कार्यालय में जमा तक नहीं किया।

- 19.41 करोड़ ठगी मामले में गिरफ्तार हैं
- अपोलो बीएसआर अस्पताल के पूर्व डॉयरेक्टर थे



### ब्याज देने के बहाने दिया था चेक

बताया जा रहा है कि डॉ एमके खंडूजा ने निवेशकों को ब्याज की राशि के एवज में चेक भी दिया लेकिन बाउंस होने के बाद निवेशक भडक गए। तब तक डॉ खंडूजा अपने अस्पताल को बेचकर शहर छोड़कर फरार हो गए थे। इस दौरान निवेशक आरोपी डॉ खंडूजा को खोजते रहे लेकिन इस बीच छावनी पुलिस थाने में इंजीनियरिंग कालेज के संचालक ने 19.41 करोड़ रुपए का ठगी के मामला छावनी पुलिस ने दर्ज किया। एसीसीयू और छावनी पुलिस ने मशक्कत के बाद डॉ खंडूजा को पकड़ कर लाया गया। इस ठग के लाने के बाद जैसे ही लोगों को जानकारी हुई कई निवेशकों को दिए गए। मगर वो निवेशक भी थाने पहुंचकर शिकायत कर रहें है।

### संपत्ति को जब्त भी किया जा सकता है

“ पुलिस जांच कर मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी की संपत्ति को जब्त कर सकती है। यदि संपत्ति आय से अधिक पाई जाती है तो आर्थिक अपराध ब्यूरों भी कार्रवाई कर सकती है। इसके अलावा चिकित्सक का लाइसेंस भी निलंबित किया जा सकता है। पुलिस आरोपी पर धारा 419, 42, 467, 468, 471, 120 बी , 201, 34 के तहत भी कार्रवाई कर सकती है। आवेदक अपनी लिखित शिकायत देकर थाना और चौकी से पावती जरुर ले। इसके अलावा आवेदक अपने अधिवक्ता के माध्यम से धारा 156 (3) सीआरपीसी, धारा 178 बीएनएस के तहत कोर्ट में आवेदन कर सकता है।



**ज्ञानप्रकाश दांडेकर**, अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट

---

# राज्योत्सव से छत्तीसगढ़ की संस्कृति देश दुनिया में फैलेगीः सांसद अग्रवाल

**दुर्ग**। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय दुर्ग में जिला स्तरीय राज्योत्सव शुरु हुआ। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों में विभागीय विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन विशिष्ट अतिथि थे।

श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यहां डबल इंजन की सरकारें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को तीव्र गति से विकास की राह पर लेकर जा रही है। छत्तीसगढ़ के नौजवान देश-दुनिया में अपना नाम कमा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या की जन्म भूमि, सीमेंट, अभ्रक, पानी प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है, 42 प्रतिशत वनों से आच्छादित है हमारा छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ की धरती खनिज और वन संपदा से पूरिपूर्ण है। लोगों के जीवन में खुशहाली लाना यह हमारा दायित्व है। छत्तीसगढ़ में 15 सालों तक सिंचाई, पानी, प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिला है और निरंतर मिलता रहेगा। छत्तीसगढ़ के लोगों की तकदीर बदल गई है। प्रदेश सरकार ने पीएम नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल की मान से धान की खरीदी की है। जिसकी रौनक हमारे शहरों में भी देखने को मिली। प्रधानमंत्री जी ने माताओं और बहनों को महतारी वंदन योजना शुरू करने की गारंटी दी थी, यह गारंटी भी पूरी कर दी गई है। माताओं और बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए की सहायता राशि दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव 12 को

**महासमुंद।** ग्राम भलेसर में श्याम सेवा परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से 12 नवंबर मंगलवार को खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। जय बजरंग नवयुवक समिति के अध्यक्ष दौलत राम सिन्हा ने बताया कि खाटू श्याम बाबा की पूजा शाम 6 बजे होगी। वहीं भजन संध्या रात्रि 8 बजे होगी। इसमें मुख्य कलाकर मधुसूदन अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल रायपुर होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण होंगे।

### योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर 2 करोड़ से अधिक की ठगी

**महासमुंद।** ग्राम पिरदा में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर एक युवक ने महिलाओं के नाम फर्जी खाते खोलकर लगभग 250 महिलाओं से अंगूठा लगवाकर 2 करोड़ से अधिक की राशि निकाली और फरार हो गया। ठगी होने की जानकारी होने पर महिलाओं ने विधायक, एसडीएम व थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पंचायत सचिव ने पीएम आवास हितग्राही बसंती यादव को उनके खाते में 40 हजार रुपए शासन द्वारा भेजे जाने पर पीएम आवास निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बसंती यादव ने अपने खाते की राशि निकालने सीएससी सेंटर पहुंची तब पता चला कि उनके खाते से 40 हजार रुपए निकाले जा चुके हैं। सीएससी संचालक ने राशि आहरण सुदर्शन साहू द्वारा किया जाना बताया। सुदर्शन ने इस संबंध में पूछताछ करने पर 40 हजार रुपए नकद वापस किया और गलती से 40 हजार आहरित करना बताया। जब सीएससी सेंटर में उसका मिनी स्टेटमेंट निकाला गया तब पता चला कि इसके पूर्व भी 40 हजार का लोन स्वीकृत कर जुलाई 2024 में ही 40 हजार रूपए आहरण किया गया है। पता चला कि गांव की 250 से अधिक महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर अंगूठा दबाकर खाता खोला गया और बदले में उन्हें टॉर्च, पंखा कूलर, कूकर प्रदान किया गया। महिलाओं ने जब सीएससी सेंटर पहुंचकर खाते का स्टेटमेंट निकाला तब पता चला कि किसी का 40 हजार, किसी का 32 हजार, किसी का 1 लाख इस तरह 250 से अधिक महिलाओं के नाम से दो करोड़ से अधिक की राशि आहरित की गई।

### निधन

**बोधन पटेल**



**मैनपुर।** ग्राम हरदीभाठा पटेलपारा निवासी 55 वर्षीय बोधन पटेल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्र के लोग शामिल हुए।

---

**तैयारी: खरीदी के लिए व्यवस्था बनाने में जुटा प्रशासन**

# खरीदी देरी से शुरू होने के कारण किसानों को करनी पड़ रही खेत-कोठार में धान की पहरेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

प्रदेश में इस बार समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी शुरू होगी। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 18 हजार 42 किसानो ने धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया है। लगभग 30 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाई गई है। धान खरीदी को लेकर शासन–प्रशासन पूरी तरह तैयारी में जुट गया है। इस बार लगभग 570 किसानों की संख्या बड़ी है। मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 23 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी को लेकर साफ सफाई बिजली घेराबंदी किया जा रहा है।

■ मैनपुर ब्लाक 18 हजार 42 किसानो ने कराया पंजीयन

इस बार धान खरीदी दो सप्ताह देरी से शुरू हो रही है, विलम्ब से किसान परेशान हैं। मैनपुर क्षेत्र में दीपावली पर्व से पहले धान कटाई प्रारंभ हो गई है। दीपावली त्यौहार के बाद धान कटाई युद्ध स्तर पर चल रही है। धान कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल पा रहे है हार्वेस्टर और मशीनों के माध्यम से धान कटाई किया जा रहा है। हरूना छोटे किस्म के धान पहले से पक कर तैयार हो चुकी है,





जिसकी आधा कटाई किसान कर चुके हैं। किसान धान कटाई और मिंजाई के बाद उसकी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों के पास धान को सुरक्षित रखने जगह नहीं होने से भारी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। धान की फसल को खेत में ही काट कर छोड़ा नही जा सकता। क्योंकि कब मौसम परिवर्तन हो जाय और किसानों की मेहनत पानी में मिल जाए। किसान जल्द से जल्द धान की कटाई कर मिंजाई कर रहे हैं। क्षेत्र के किसानों के सामने धान खरीदी शुरू होने तक धान की निगरानी किसी चुनौती से कम नहीं है क्योंकि यह क्षेत्र हाथी प्रभावित क्षेत्र है। हाथी भंडारित धान तक को चट कर देते है ऐसे में खुले में रखे धान को हाथियों से बचाना किसानों के लिए मुश्किल नजर आ रहा है।

#### इन खरीदी केन्द्रों में पहुंचा बारदाना

मैनपुर विकास खण्ड क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र नवमुड़ा, जिड़ार, गौरघाट, शोभा, बम्हनीझोला, उरमाल, धौराकोट, गोहरापदर, काण्डेकेला, गुरजीभाठा, अमलीपदर, मुड़गेलमाल, सरना बहल, खोखमा, फरसरा, तेतलखुंटी, झरगांव, बरबहली, चिचिया, ढोढर्रा, सीनापानी, कदलीमुड़ धान खरीदी केन्द्र में तैयारियां की जा रही है। सभी केन्द्रों में 25–25 हजार बारदाना पहुंच चुका है। साथ ही बिजली व अन्य व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है।

#### किसानों की मांग टोकन के साथ समितियों में बारदाना भी दें

जैसे –जैसे धान खरीदी का समय नजदीक आता जा रहा है किसान भी तैयारी में लग गए हैं। धान खरीदी में व्यवस्था बनान के लिए टोकन सिस्टम लागू किया गया है किन्तु बारदाने की समस्या से किसान जूझते आ रहे हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए किसानों ने शासन से मांग की है कि टोकन सिस्टम के साथ बरदाना वितरण की व्यवस्था की जाए। जिससे किसानों को सुविधा मिल सके। धान खरीदी में किसानों को सुविधा देने के लिए टोकन सिस्टम लागू किया गया है। इससे किसान बारी–बारी टोकन मिलने के हिसाब से धान बेचने समिति पहुंचते हैं।

#### तैयारियां हो चुकी पूरी

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मैनपुर के शाखा प्रबंधक दुष्यन्त इंगले, शाखा प्रबंधक गोहरापदर नैनसिंह दाऊ ने बताया धान खरीदी को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभी धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना पहुंच चुका है।

---

## आत्म अनुशासन, स्वावलंबन की सीख देती है स्काउटिंग: सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं स्काउटर के.आर. सिन्हा ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्काउटिंग पूर्णरूपेण स्वैच्छिक, गैर राजनीतिक और धर्म निरपेक्ष संगठन है। अनौपचारिक शिक्षा का एक रूप है जो कैंपिंग, वुडक्राफ्ट, जलीय विज्ञान, लंबी पैदल यात्रा, एडवेंचर, बैकपैकिंग, हाइकिंग, पायनियरिंग और खेल जैसे बाहरी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास पर केंद्रित है। स्काउटिंग आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है। स्काउटिंग के संस्थापक रॉबर्ट स्टीफंसन स्मिथ बेडेन पॉवेल के द्वारा वर्ष 1907 में 1 अगस्त से इंग्लैंड के ब्राउन सी द्वीप में 20 लड़कों के साथ एक प्रायोगिक शिविर आयोजित किया गया था। स्वतंत्र भारत में स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन की नींव 7 नवंबर 1950 को रखी गई। स्काउटिंग का मूल उद्देश्य युवाओं में आत्म अनुशासन, देशभक्ति और समाज सेवा के मूल्यों को विकसित कर उनके चरित्र का निर्माण करना है।

■ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का स्थापना दिवस

#### जीवन जीने की सिखाता है कला

सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग अभाव में जीवन जीने की कला सिखाता है। जीवन के हर क्षण में स्काउटिंग का उपयोग होता है। स्काउटिंग स्वावलंबन की सीख देता है। स्काउटिंग आंदोलन का मूल उद्देश्य नवयुवकों के विकास में एक तरह योगदान करना है जिससे उनकी पूर्ण शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक अंतःशक्तियों की उपलब्धि हो। वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नागरिक के रूप में तथा स्थानीय, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्य के रूप में उपयोगी सिद्ध हो सके। विदित हो कि वरिष्ठ स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और नेतृत्व में कई स्काउट-गाइड राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

---

## विधायक इंद्रकुमार को मिली रायपुर दक्षिण में प्रचार की जिम्मेदारी





**नवापारा-राजिम।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक इंद्रकुमार साहू को रायपुर दक्षिण में भाजपा प्रत्याशी सुनील सोनी के पक्ष में प्रचार करने की जिम्मेदारी मिली है। विधायक साहू अपने समर्थकों के साथ एक-एक घरों में पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी सोनी के लिए कमल फुल में वोट देने आग्रह करते देखे जा रहे हैं।

## सेवानिवृत्त पटवारी को पेंशन ग्रेच्युटी के लिए दफ्तरों का लगाना पड़ रहा चक्कर

**नवापारा-राजिम।** कोई भी कर्मचारी सेवानिवृत होने के बाद पेंशन की राशि से आगे का जीवन व्यतीत करने को सोचता है। लेकिन यदि सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन ग्रेच्युटी की राशि के लिए दफ्तरों का चक्कर पे चक्कर लगाना पड़े तो उस कर्मचारी की दशा कैसी होगी? इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

ग्राम रामपुर-चंपारण निवासी सेवानिवृत पटवारी कौशल चंद्राकर को सेवानिवृत के 18 माह बाद भी शासन के जिम्मेदार पदों पर आसीन अधिकारियों की लापरवाही के चलते पेंशन,ग्रेज्युटी,अन्य क्लेम व तृतीय समयमान वेतन के लाभ से वंचित है। कौशल चंद्राकर उप तहसील फिंगेश्वर से पटवारी पद से सेवानिवृत होने के बाद अपने अधिकार के लिए हाईकोर्ट बिलासपुर का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट द्वारा 6 मई 2024 को 3 सप्ताह के भीतर आवेदक का विषयांकित प्रकरण का निराकरण हेतु आदेश,छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के मुख्य सचिव, कलेक्टर गरियाबंद, एसडीएम राजिम, तहसीलदार राजिम जिला गरियाबंद को दिया गया था। किंतु हाईकोर्ट के आदेश के बाद 6 माह का समय और निकल गया। फिर भी आवेदक के पेंशन की समस्यायों पर संबंधित विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

ज्ञात हो कि कौशल चंद्राकर ने पेंशन,ग्रेज्युटी,अन्य क्लेम व समयमान वेतनमान का लाभ के सम्बन्ध में मंत्री, प्रशासनिक अधिकारी व कलेक्टर जनदर्शन में भी कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना: हर घर को मिलेगी सस्ती और हरित ऊर्जा

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना फरवरी 2024 से लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा के माध्यम से



बिजली प्रदान करना है। इस योजना के तहत, उपभोक्ता अपने घर की छत पर रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर सकते हैं, जो उनकी बिजली जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ ग्रिड में अतिरिक्त ऊर्जा भी सप्लाई करेगा। इसके अतिरिक्त ऊर्जा के बदले में उपभोक्ताओं को आय प्राप्त होगी, जिससे बिजली बिल शून्य होने का लाभ मिल सकता है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक में विद्युत विभाग और क्रेडा विभाग को निर्देश दिए है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप पूर्ति सुनिश्चित करें। कार्यपालन अभियंता विद्युत भुनेश्वर दीवान ने बताया कि इस योजना के तहत 1 किलोवाट से 3 किलोवाट तक की क्षमता के सोलर संयंत्रों के लिए सब्सिडी का प्रावधान है। जैसे कि 1 किलोवाट संयंत्र के लिए 30,000 रुपए, 2 किलोवाट संयंत्र के लिए 60,000 रुपए, और 3 किलोवाट संयंत्र के लिए 78,000 रुपए तक की सब्सिडी मिल सकती है। हितग्राही को संयंत्र की कुल लागत का केवल 10 प्रतिशत देना होगा, जबकि शेष राशि पर 7 प्रतिशत ब्याज दर से बैंक ऋण की सुविधा भी है। फरवरी 2024 में लागू हुई इस योजना के तहत महासमुंद जिले में 8000 संयंत्रों का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें कुल 18700 उपभोक्ताओं द्वारा पंजीयन कराया गया है एवं 04 उपभोक्ताओं द्वारा अपने घरों में सोलर संयंत्र स्थापित कर योजना का लाभ प्राप्त किया जा रहा है।

## छपोराडीह के ग्रामीण 4 माह से त्रस्त हैं, मांग लेकर पहुंचे डीई के दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





छपोराडीह के ग्रामीण बीते 4 माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली और लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्राम छपोराडीह के खेतों में बोरवेल्स को बिजली सप्लाई के लिए जो ट्रांसफार्मर लगाए गए, वे बीते 3-4 माह से खराब पड़े हैं। मिली जानकारी के अनुसार इसी ट्रांसफार्मर से गांव के कुछ घरों में बिजली सप्लाई होती रही है। ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद घरेलू कनेक्शन को अन्य ट्रांसफार्मर से जोड़ा गया।

लेकिन, जिस ट्रांसफार्मर में इन ग्रामीणों के बिजली कनेक्शन जोड़ा गया, उसमें लोड बढ़ गया तथा लो वोल्टेज की समस्या सामने आने लगी। वोल्टेज डाउन होने से ना तो पंखे चल रहे हैं, ना ही कूलर और ना ही टीवी चल पा रहे। जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण ने बताया कि कई बार विभाग को सूचना दे चुके हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर सुधारने या बदलने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई।

बुधवार को ग्राम छपोराडीह के 60-70 ग्रामीण इस समस्या को लेकर पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। चंद्राकर ग्रामीणों के साथ संभागीय अभियंता के दफ्तर पहुंचे और डीई से चर्चा की तथा शीघ्र छपोराडीह में नए ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही। चंद्राकर के साथ ग्राम छपोराडीह के गेंदलाल ध्रुव, महादेव नेताम, रामजी ध्रुव, एनकुमार सार, पुरुषोत्तम सार, कलीराम ध्रुव, मदन खैरवार, होरीलाल निषाद, दयाराम ध्रुव सहित 60-70 ग्रामीण बिजली दफ्तर में उपस्थित रहे।





## ग्राम गोइंदा-भलेरा में समाज भवन, सीसी रोड, नाली निर्माण व पानी टैंक का हुआ लोकार्पण- भूमिपूजन

**नवापारा-राजिम।** जिला पंचायत सदस्य रानी पटेल अपने निर्वाचन क्षेत्र के गोइंदा और भलेरा में लोकार्पण समारोह में शामिल हुई। उन्होंने इस अवसर पर ग्रामवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में सामाजिक भवनों, सीसी रोड, शेड निर्माण, व्यवसायिक परिसर जैसे अनेको जनकल्याणकारी विकास कार्य हुए हैं, जिसका पूरा श्रेय गांव के सरपंचों को जाता है। क्योंकि त्रिस्तरीय पंचायती राज के तहत ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत, पंचायती राज की मुख्य कड़ी है। उन्होंने कहा कि जो जनप्रतिनिधि गांव के विकास के लिए समर्पण भावना से आम जनता की सुविधा के लिए काम कराते हैं। मूलभूत सुविधाओं के लिए जनपद और जिला पंचायत सहित विधायक व सांसद से फंड लाकर गांव का विकास करवाते हैं, बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं उसे

■ विश्वास सबसे बड़ी चीज होती है, इसे कभी नहीं तोड़ना चाहिए: रानी



जनता पसंद करती है। दोबारा उन्हें मौका मिलता है। कहा कि जनता उन पर विश्वास कर चुनती है तो जनता के विश्वास पर खरा उतरना चाहिए क्योंकि विश्वास सबसे बड़ा चीज होता है। किसी के विश्वास को कभी नही तोड़ना चाहिए।

जिपं सदस्य रानी पटेल ने बताया कि जिला पंचायत के 15वें वित्त मद से ग्राम पंचायत गोइंदा में 20 लाख का पटेल समाज भवन, सीसी रोड, नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट का काम हुआ है। इसी तरह भलेरा में 10 लाख का सीसी रोड सहित पानी टैंक का काम हुआ जिसका लोकार्पण-भूमिपूजन किया गया है। श्रीमती पटेल ने कहा कि अब जिला पंचायत के कार्यकाल का अंतिम चरण चल रहा है। आपने एक साधारण परिवार की बेटी को जिला पंचायत सदस्य के रुप में चुनकर जो आशीर्वाद दिया उसे कभी जीवन में नही भुल सकती। यह मेरे लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कहा कि इन पांच सालों में मुझसे जितना बन पड़ा पूरे दिल से अपने क्षेत्र में पूरा लगन और ईमानदारी के साथ काम करते हुए खरा उतरने का प्रयास की हूं। गांव की जो मूलभूत समस्याएं होती है नल-जल, बिजली, पानी, सड़क, राशन, पेंशन और शिक्षा तथा स्वास्थ्य के लिए जितना बन पड़ा काम की हूं। आगे भी पद में रहूं या ना रहूं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए काम करती रहूंगी। गांव, गरीब, महिला, युवा, किसान, मजदूर और जरूरत मंद लोगों की सेवा में सदैव समर्पित भाव से उपस्थित रहूंगी।

#### ये रहे उपस्थित

लोकार्पण समारोह के दौरान जनपद सदस्य रिंकू रविन्द्र चंद्राकर, किशोर साहू, जिला पंचायत प्रतिनिधि केजुराम पटेल, सरपंच संतोष साहू, सरपंच मीना-चंद्रकुमार साहू, सचिव सोमनाथ साहू, गोवर्धन साहू, आशाराम साहू, कामतू साहू, पाहंदा सरपंच रविशंकर ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल थे।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण छात्रा ने बनाई आकर्षक रंगोली



**राजिम।** दीपावली के त्योहारी सीजन में घर-घर रंगोली बनायी गई। इनमें से ग्रामीण क्षेत्र की छात्रा गोमती वर्मा द्वारा बनाई गई रंगोली गांव में आकर्षण का केंद्र रही। यह छात्रा गांव के किसान पुनीत वर्मा की बेटी है। बताया कि समय-समय पर विभिन्न प्रकार के रंगोली बनाने में गोमती को महारत हासिल है।

### विष्णु सरकार में छत्तीसगढ़ का तेजी से हो रहा विकास

**मैनपुर।** भाजपा युवा मोर्चा के



जिला मंत्री तुलसी राठौर ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भाजपा ने किया और अब इसे संवारने का कार्य भी भाजपा कर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात देते हुए जिस छत्तीसगढ़ का सपना देखा था। आज विष्णुदेव की सरकार विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ उस सपने को साकार करने में जुटी है। छत्तीसगढ़ में सन-2003 से 2018 तक भाजपा की सरकार रही। इस दौरान छत्तीसगढ़ ने विकास की एक लंबी छलांग लगाई और अब विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रहा है। राठौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के दिशा में महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को हर महीना एक हजार रूपये मिल रहा है, धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई है, जिसके तहत श्रध्दालु निःशुल्क अयोध्या श्रीराम मंदिर का दर्शन कर रहे हैं। धान का कटोरा कहलाने वाले छत्तीसगढ़ में कृषक उन्नती योजना के तहत 3100 रूपये प्रति क्विंटल में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी हो रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना दिवस हमारे प्रदेश की संस्कृति समृध्दि और विकास के संकल्प को एक नई दिशा देने का अवसर है। छत्तीसगढ़ की अपनी संस्कृति प्राकृतिक सौन्दर्य और ऐतिहासिक महत्व के लिए पूरे देशभर में अलग पहचान है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** ठेला में शराब पीने की सुविधा दे रहे एक व्यक्ति पर तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि 5 नवंबर को ग्राम खैरझिटी में एक व्यक्ति द्वारा अपने ठेले में लोगों को बैठाकर अवैध रूप शराब पीने का सामान उपलब्ध कराए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद शराब पीने वाले भाग गए, वहीं पकड़े गए व्यक्ति से अपना नाम राजकुमार कोसले पिता हीराराम कोसले (50 साल) बताया। आरोपी के कब्जे से 1 पौवा देशी प्लेन शराब, डिस्पोजल की खाली गिलास जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवी की गई।

### ट्रक की टक्कर कार क्षतिग्रस्त

**महासमुंद।** बागबाहरा में एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने बताया कि रमेश चंद्राकर नरतोरी बागबाहरा 5 नवंबर को अपनी पत्नी के साथ कार क्रमांक सीजी 06 जीएस 1392 से बागबाहरा आया था, एनएच 353 मेन रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के सामने डिवाइडर से गाड़ी मोड़ रहा था, तभी सामने से ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीआर 8655 के चालक ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर कार को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया।

# सोलर नल जल प्रदाय योजना, कामरभौदी में घर-घर पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विकासखण्ड के दूरस्थ वनांचल ग्राम पंचायत डुमरबाहरा के आश्रित ग्राम कामरभौदी जिला मुख्यालय से लगभग 54 किमी दूरी पर स्थित है। यह गांव पहाड़ एवं घने जंगलों से घिरा हुआ है। ग्राम कामरभौदी अतिसंवेदनशील क्षेत्र होने एवं विकट भौगोलिक स्थिति होने के कारण लोगों को विकास से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जिला प्रशासन द्वारा लोगों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए गांव में सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इसी तारतम्य में गांव में सोलर माध्यम से नलजल प्रदाय योजना संचालित किया जा रही है।

**इस गांव में है 94 मकान, 400 लोग हो रहे लाभान्वित**



#### आंबा केंद्रों में भी मिलने लगा पानी

नलजल कनेक्शन पहुंचने से गांव में आंगनबाड़ी, शासकीय शाला में अध्ययनरत बच्चों को मध्यान भोजन हेतु पेयजल प्राप्त हो रहा है। पहले पारंपरिक तौर पर पीने के पानी को कपड़े की छन्नी से छान कर मटकी गुंडी आदि में संग्रहित कर आवश्यकतानुसार खाना बनाने और पीने के लिए उपयोग करते थे। ग्रामीण पीने का पानी का शुद्धता का माप पानी के मटमैला रंग को देखकर किया करते थे, लेकिन अब जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर जल पहुंचाया जा रहा है। इससे नयी पीढ़ी एवं ग्रामीणों को पीने का स्वच्छ जल आसानी से घर पहुंच मिल रहा है।

इसके माध्यम से लोगों को घर में ही पीने का पानी मिलने लगा है। इससे ग्रामीणजन लाभान्वित हो रहे हैं। कामरभौदी मुख्यतः आदिवासी ग्राम हैं, यहां लगभग 400 लोग निवास करते हैं। इस गांव में कुल घरों की संख्या 94 है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कुल 02 नग 6 मी. स्टेजिंग सोलर और 01 जीआई 12 मी. स्टेजिंग सोलर 5000 लीटर की 02 टंकी से पानी सप्लाई की जा रही है। गांव में पेयजल हेतु लोग पहले नदी, तालाब, झरिया और शासकीय हैण्ड पंप पर निर्भर हुआ करते थे। कमार पारा, भोरीपारा, कामरभौदी एवं तुहापानी चार अलग अलग पारा ग्राम में है।

**जश्न : दीपावली पर दिखा नया अंदाज, जमकर नशे में रहे लोग**

# जिले के मयप्रेमियों ने बनाया रिकार्ड, 6 दिन में गटक गए 6 करोड़ की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

दीपावली का त्योहार रोशनी, खुशियों और नई उम्मीदों का प्रतीक माना जाता है। लेकिन इस साल जिले में मयप्रेमियों ने एक नया रिकार्ड बना दिया। महज 6 दिन में जिले की 9 शराब दुकानों से करीब 6 करोड़ रुपए की शराब गटक गए। इस वर्ष के त्योहार पर हुई इतनी भारी खपत ने न केवल आर्थिक गतिविधियों में उछाल दिखाया है, बल्कि इससे सामाजिक मुद्दों पर भी नई बहस छिड़ गई है।

जिले के प्रमुख केंद्रों में, राजिम सबसे आगे रहा, जहां कुल 2 करोड़ 84 लाख 93 हजार रुपये की शराब बिक गई। देशी शराब और अंग्रेजी/बियर दोनों की जबरदस्त मांग देखी गई। वहीं उरमाल में सबसे कम 7 लाख 71 हजार 180 रुपये की खपत दर्ज की गई, जिससे यह जाहिर होता है कि अलग-अलग क्षेत्रों में शराब की मांग का स्तर भी अलग है।



#### मांग में बढ़ोतरीः देशी बनाम अंग्रेजी

दीपावली के अवसर पर बिकने वाली शराब का बड़ा हिस्सा देशी शराब के रूप में रहा, जिसकी कुल बिक्री 3 करोड़ 44 लाख 94 हजार 950 रुपए दर्ज की गई। इसके साथ ही अंग्रेजी शराब और बियर में भी 3 करोड़ 13 लाख 5 हजार 710 रुपये की खपत रही। इन आंकड़ों से यह साफ है कि हर प्रकार की शराब की मांग में त्योहार के दौरान उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

#### दीपावली की चमक में छुपी चुनौतियां

त्योहारों के मौके पर ऐसी भारी मात्रा में शराब की खपत ने जिले में सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़ी चिंताओं को भी जन्म दिया है। दीपावली जैसा पवित्र त्योहार भले ही खुशियों के प्रतीक के रूप में मनाया जाता हो। लेकिन इसकी आड़ में इस तरह की आदतों का बढ़ना चिंता का विषय है। प्रशासन को चाहिए कि त्योहारों के दौरान लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए विशेष अभियान चलाए ताकि वे जिम्मेदारी से त्योहार मना सकें।

#### जिले की शराब दुकानों में बिकी शराब के आकड़े

**राजिमः** 2,84,93,000 रुपये - देशी शराब 92,36,760 रुपये और अंग्रेजी/बियर 1,92,56,270 रुपये

**बासीनः** 1,01,56,930 रुपये - देशी 75,64,940 रुपये और अंग्रेजी/बियर 25,91,990 रुपये

**फिंगेश्वरः** 1,10,78,800 रुपये - देशी 71,66,280 रुपये और अंग्रेजी/बियर 30,29,310 रुपये

**छुराः** 69,97,470 रुपये - देशी 39,68,160 रुपये और अंग्रेजी/बियर 30,29,310 रुपये

**गरियाबंदः** 83,41,970 रुपये - देशी 39,49,440 रुपये और अंग्रेजी/बियर 43,92,530 रुपये

**मैनपुरः** 15,13,220 रुपये - देशी 3,78,830 रुपये और अंग्रेजी/बियर 11,34,390 रुपये

# लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन छह दिनों तक चला महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

- समापन पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं, विजेताओं को मिला पुरस्कार

शिव चौक कुरूद में आयोजित छह दिवसीय महोत्सव का समापन मां लक्ष्मी का गाजे - बाजे के साथ शोभा यात्रा निकला गया। इसके बाद शीतला मंदिर में ले जाकर विसर्जन किया गया। लक्ष्मी उत्सव समिति के अध्यक्ष बुधराम साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव कामता साहू, सह सचिव हिरेंद्र निषाद ने बताया कि छह दिनों तक ग्राम कुरूद में अलग-अलग विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें ग्राम के युवा के साथ बड़े बुजुर्ग ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में सुवा नृत्य, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, फुग्ड़ी प्रतियोगिता आयोजित की गई। सुवा नृत्य में प्रथम पुरस्कार 1000 रुपए भोज साहू ग्रामीण अध्यक्ष द्वारा भुनेश्वरी, वर्षा, डुमेश्वरी, किरण, प्रीति, डिगेश्वरी को दिया गया।

द्वितीय पुरस्कार 501 रु विक्रम द्वारा दिया गया।

कुर्सी दौड़ में प्रथम पुरस्कार 201 रु कार्यक्रम समिति द्वारा वायु ध्रुव को दिया गया। मटका फोड़ में प्रथम पुरस्कार 301 रु समिति द्वारा विजेता दीपक साहू को दिया गया। फुगड़ी दौड़ में प्रथम स्थान रूबी ध्रुव ने प्राप्त किया। प्रत्येक खिलाड़ी को भरत पुत्र कंप्यूटर और फ़ोटोकॉपी द्वारा शील्ड प्रदान किया गया। ग्राम के शिव शंकर साहू, रूपेश साहू, दीपक साहू, कमलनारायण साहू ने बताया कि गांव के रहने वाले प्रायः दूर शहर कमाने खाने के लिए जाते हैं सिर्फ त्यौहार में ही आना होता है, यदि इस प्रकार का आयोजन गांव में होता है तो सभी में अपनत्व की भावना आती है और खेलभावना जागृत होती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में ऐसा आयोजन हर वर्ष कराया जाएगा।

# न्योता भोज में बच्चों को परोसी गई खीर, पूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय की शिक्षिका रितु ध्रुव ने अपने पुत्र डिव्यांश के जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्योता भोज का कार्यक्रम आयोजित किया।

इस अवसर पर न्योता भोज के तहत बच्चों को दाल, चावल, सब्जी के अलावा खीर, बड़ा, पूरी, पापड़ परोसा गया। वहीं केक काटकर जन्म दिन मनाया गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। इस मौके पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्कूलों में खास मौकों पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं, ताकि बच्चों को और ज्यादा पोष्टिक पोषण–आहार मिल सके। संकुल प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि जो व्यक्ति विद्यार्थियों को भोजन कराना चाहते हैं, उन्हें इसकी जानकारी पूर्व में ही देनी होगी। न्योता भोज के तहत व्यक्ति या संस्था विभिन्न त्योहारों या अवसरों जैसे वर्षगांठ, जन्मदिन, विवाह और राष्ट्रीय पर्व आदि पर छात्रों को भोजन करा सकेंगे। ऐसे मौके पर सामुदायिक सहभागिता का विकास होता है।

इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, प्रधानपाठक लता ध्रुव, शाला विकास समिति अध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, जितेंद्र साहू, अनुसुइया साहू, केशर साहू, राधिका साहू, रुक्मणी साहू, कामनी साहू, कौशल्या साहू, समन्वयक द्वय नरेश कुमार साहू, सूखेन साहू, शिक्षक मोती ध्रुव, हीरावन लाल साहू, कमलकांत सेन, राकेश कुमार पांडे, गुलशन कुमार साहू, पुष्प लता साहू, धनेश्वरी यादव, मालती पराना, नीलकमल ध्रुव व छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

### नहानबिरी के भवानी व जाड़ापदर की लीना बनीं सब इंस्पेक्टर

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम नहानबिरी निवासी भवानी नागेश व ग्राम जाड़ापदर निवासी लीना नागेश को सब इंस्पेक्टर तथा ग्राम मैनपुरकला निवासी प्रकाश नागेश को प्लाटून कमांडर के रूप में चयनित हुए। जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष जताया और बधाई देने उनके निवास पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष हरिश्वर पटेल, युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष गुंजेश कपिल, युवा साथी गजेंद्र नेगी, वीरेंद्र राजपूत उपस्थित थे।



# निरीक्षण पर पहुंचीं संयुक्त आयुक्त अव्यवस्था पर जतायी नाराजगी

मैनपुर। धान विक्रय का समय करीब आते ही क्षेत्र में आला अधिकारियों का दौरा शुरू हो चुका है। संयुक्त कमिश्नर सरिता तिवारी व एसडीएम मरकाम को क्षेत्र का दौरा करते देखा गया। खुटगांव, कोदोभांटा, कोखसरा, झिरीपानी, ठिरलीगुडा, सागौनडी, बरही, केनदुबन, चेकपोस्ट का निरीक्षण करते अधिकारी देखे गए। संयुक्त कमिश्नर सरिता तिवारी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क देख नाराजगी जताते हुए तुरंत ठीक करने के निर्देश दिए। श्रीमती तिवारी ने कुम्डई खुर्द, झाकरपारा,



खोखसरा, केन्दुबन, कोदोभांटा, कुम्डईकला, झिरीपानी ग्रामों का दौरा कर पंचायत कार्यों का निरीक्षण भी किया।

# सिरजन के संस्थापक को सदस्यों ने दी 8 हजार की सहयोग राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था जिला गरियाबंद के लोक कलाकारों ने जिला सिरजन के संस्थापक ग्राम फुलझर निवासी लोक कलाकार एवं साहित्यकार गौकरण मानिकपुरी के अस्वस्थता और आर्थिक अभाव ग्रस्त स्थिति को देखते हुए चंदा एकत्र कर 8 हजार का सहयोग किया है। यह सहयोग राशि उनके घर जाकर संगठन के सभी प्रमुखों ने दी। इसके लिए मानिकपुरी के परिजनों ने संगठन का आभार जताया है।



इस अवसर पर प्रदेश सिरजन के केन्द्रीय प्रतिनिधि डा. ईश्वर तारक जिला संगठन के कोषाध्यक्ष चैतूराम तारक, सचिव यश कुमार साहू, बाबूलाल साहू, ब्लाक इकाई गरियाबंद प्रमुख गिरवर ध्रुव, फिंगेश्वर इकाई से तुलेश्वर घृतलहरे, छुरा इकाई प्रमुख पवन घृतलहरे सहित अन्य प्रमुखों में माखन लाल साहू, शंभू राम टोण्डरे, गणेश राम डाहिरे, नंदकुमार ध्रुव, दशरथ तारक, विरेन्द्र तारक, जागेश्वर शरण, मोहन मुरारी मानिक पुरी, भागवत राम सेन, बृजलाल सिन्हा, गोपाल राम साहू, दामिनी मानिकपुरी, देवलाल बंजारे, कमला बाई मानिकपुरी, जमुना तारक, ऋतु बाई तारक, गंगा बाई तारक, उमेन्द ध्रुव सहित पूर्वा संदेश नाचा पार्टी कुसुमबुडा गरियाबंद और सुआ नृत्य दल बेलरदोना मगरलोड के कलाकार शामिल रहे।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने आसपास से भी पहुंचे ग्रामीण**

# अतरमरा में मातर मड़ई महोत्सव की रही धूम

**गरियाबंद।** ग्राम पंचायत अतरमरा में ग्रामीणों द्वारा यादव बंधुओं की परंपरागत तरीकों से चले आ रहे त्योहार गोवर्धन पूजा, मातर, भाई दूज पर्व हर्षोल्लास पूर्वक रविवार को मातर मड़ाई महोत्सव मनाया गया। यह मातर उत्सव विगत कई वर्षों से सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पूरे ग्राम वासियों के सहयोग से मनाया जा रहा है। मातर उत्सव आकर्षण का केंद्र होता है, जिसमें यादव बंधु अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। बच्चों के लिए झूला खिलौने बड़ों के लिए विभिन्न प्रकार के सामानों की दुकान यहां पर लगी होती है। हर घर मेहमान आए रहते हैं। इस वर्ष मातर उत्सव कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामाधीन ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत अतरमरा, अध्यक्षता श्यामलाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, विशेष अतिथि के रूप में शिवांगी चतुर्वेदी उपसरपंच, टीकम सिन्हा अध्यक्ष ग्राम रक्षा समिति, सेवक निर्मलकर,



अभिषेक चतुर्वेदी, कमलकिशोर ध्रुव, माखन साहू, चुम्मन निर्मलकर अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों ने देवी देवताओं की पूजा आराधना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया यदुवंशियों द्वारा राउत नाचा, लाठी नृत्य आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने कहा कि ऐसा भव्य कार्यक्रम गांव के सुमिती और एकता के कारण ही संभव है। गांव के भाई चारा के कारण ही यहां इतने बड़े-बड़े कार्यक्रम होते हैं। कार्यक्रम में उपसरपंच शिवांगी चतुर्वेदी, अध्यक्ष श्यामलाल साहू ने भी अपने विचार प्रकट किया।

इस मातर महोत्सव में रात्रि कालीन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। रात्रि में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कला मंच सुरता का कार्यक्रम समस्त ग्राम वासियों की सहयोग से रखा गया। कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के गांव के लोग हजारों की संख्या में एकत्रित थे। रात भर कार्यक्रम का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासियों में सरपंच रामाधीन ध्रुव, उपसरपंच शिवांगी चतुर्वेदी,अध्यक्ष श्याम लाल साहू, रक्षा समिति अध्यक्ष के टीकम सिंहा, कोषाध्यक्ष कमल किशोर ध्रुव,उपाध्यक्ष अभिषेक चतुर्वेदी, विनोद सिन्हा, सेवक निर्मलकर, जगत सिन्हा, चुम्मन निर्मलकर, हेमन्त निर्मलकर, माखन साहू, परीक्षित यादव, जोहत यादव, रामकुमार यादव, शान्तु यादव, रोहित यादव,जगदीश यादव, तिलक यादव, हेमंत निर्मलकर, दुर्गेश निर्मलकर, राजा निर्मलकर, चुम्मन ध्रुव, उमेश साहू, विष्णु सिन्हा एवं समस्त ग्राम पंचायत अतरमरा के पंचगण सहित ग्रामवासियों का सहयोग रहा।

